Brain International School
Vikas Puri, New Delhi

अर्धवार्षिक पुनरावृति

विषय : हिंदी **कक्षा - छह** **अगस्त,2025**

अपठित बोध

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

देशभक्ति वह भावना है जो व्यक्ति को अपने देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देती है। सच्चा देशभक्त अपने देश की सेवा को अपना कर्त्तव्य मानता है। वह देश के सम्मान, सुरक्षा और उन्नति के लिए अपना तन, मन और धन समर्पित करने को तैयार रहता है। स्वतंत्रता संग्राम में अनेक वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी, जिससे हमें आज़ादी मिली। आज भी सेना के जवान सीमाओं पर तैनात रहकर देश की रक्षा करते हैं। देशभक्ति केवल युद्ध के समय ही नहीं बल्कि शांति के समय भी ज़रूरी होती है। जब हम ईमानदारी से अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हैं, कानून का सम्मान करते हैं और देश की प्रगति में भाग लेते हैं तो यह भी देशभक्ति ही होती है। हर नागरिक का यह उत्तरदायित्व है कि वह देश के हित को अपने स्वार्थ से ऊपर रखे।

क) सच्चा देशभक्त क्या करता है?

i. केवल युद्ध करता है ।
ii. देश की सेवा को अपना कर्त्तव्य मानता है।
iii. केवल अपने लिए सोचता है ।
iv. विदेश चला जाता है।

ख) देशभक्ति केवल कब ज़रूरी नहीं होती?

i. युद्ध के समय ii. शांति के समय

iii. कठिन समय में iv. हर समय

ग) देश की रक्षा कौन करते हैं?

i. नेता ii. किसान iii. सेना के जवान iv. व्यापारी

घ) देशभक्ति का अर्थ केवल युद्ध करना क्यों नहीं है?

ङ) स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान से हमें क्या सीख मिलती है?

व्याकरण

प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करें।

किताब, बंदर, पक्षी, सबक, फूल

ख) निम्नलिखित शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए।

सुंदर, डरना, कठिन, अच्छा

ग) **निम्नलिखित शब्दों में से रूढ़, यौगिक और योगरूढ़ शब्दों को छाँटकर लिखिए।**

देवानंद, गिरिधर, महल, बैलगाड़ी, लंबोदर, घर

घ) **निम्नलिखित वाक्यों में कर्म के आधार पर क्रिया के भेद बताइए।**

i) राम खाना खा रहा है।

ii) मैंने किताब पढ़ी।

iii) वह दौड़ता है।

iv) सूरज पूर्व में उगता है।

ङ) **दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

अमीरी , आदर, बहादुर , उच्च

च) **रेखांकित विशेषण शब्दों का भेद पहचानिए।**

i) वह **नीला** फूल बहुत सुंदर है।
ii) **दो** मित्र पार्क में खेल रहे हैं।
iii) यह **मीठा** आम मुझे पसंद है।
iv) **हर** छात्र को पुरस्कार मिला।

छ) **नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम का भेद लिखिए।**

i) **मैं** आज स्कूल नहीं जाऊँगा।
ii) **यह** मेरा घर है।
iii) **स्वयं** जाकर उत्तर पूछ लो।
iv) **वे** लोग बाहर खड़े हैं।

ज) **रेखांकित शब्दों के आधार पर कारक का भेद बताइए।**

i) **राधा ने** मिठाई बाँटी।
ii) मैं **दोस्त के लिए** किताब लाया।
iii) माँ ने **बच्चों को** कहानी सुनाई।
iv) **पेड़ से** पत्ते झड़ रहे हैं।

झ) **दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।**

i) नाकों चने चबवाना
ii) मुँह की खाना
iii) बाल बाल बचना

ञ) **दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

माता, पुत्र, बैल

ट) दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों का लिंग परिवर्तन करके वाक्य पुनः लिखिए।

i) वह **<u>नौकर</u>** फल लेकर जाता है।

ii) **<u>पंडित</u>** मन्दिर में पूजा कर रहे हैं।

iii) **<u>माता जी</u>** खाना बना रही हैं।

ठ) दिए गए शब्दों का बहुवचन रूप लिखिए।

धेनु, मात्रा, नदी

ड) दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।

i) जो दिखाई न दे -

ii) साथ पढ़ने वाला -

पाठ्यपुस्तक

मातृभूमि

क) कवि ने इस कविता को 'मातृभूमि' शीर्षक क्यों दिया है?

ख) स्वर्ण - भूमि से क्या अभिप्राय है?

ग) झरने कहाँ से और किस प्रकार बह रहे हैं ?

घ) कवि ने भारत को अपनी युद्धभूमि क्यों कहा है?

गोल

क) ध्यानचंद को पट्टी बाँधकर क्यों आना पड़ा ?

ख) खेल में सफलता का मुख्य मंत्र क्या है ?

ग) ध्यानचंद ने अपना बदला कैसे लिया ?

घ) 'गोल' पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है?

पहली बूँद

क) पहली बूँद धरा पर कब आई?

ख) अंकुर किस प्रकार धरती से बाहर आया?

ग) नगाड़े कौन बजा रहा है?

घ) वर्षा की बूँद की तुलना किससे की गई है?

हार की जीत

क) बाबा भारती के घोड़े की क्या विशेषता थी?

ख) संध्या समय बाबा का क्या नियम था?

ग) बाबा भारती को क्या भ्रांति हो गई थी ?

घ) बाबा भारती ने खड्गसिंह से कौन - सा वचन लिया?

रहीम के दोहे

क) प्रेम की तुलना किससे की गई है?
ख) 'सुई' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते है?
ग) 'लघु' शब्द से क्या तात्पर्य है?
घ) 'गाँठ शब्द किस बात का प्रतीक है?

मेरी माँ

क) 'रामप्रसाद बिस्मिल' को कहाँ जाने की इच्छा थी ?
ख) वकील ने रामप्रसाद बिस्मिल से क्या करने के लिए कहा?
ग) रामप्रसाद बिस्मिल की माँ का सबसे बड़ा आदेश क्या था?
घ) रामप्रसाद बिस्मिल की माता जी किन पुस्तकों का अध्ययन करती थीं?

जलाते चलो

क) धरा का अँधेरा कब मिटेगा?
ख) 'अनगिनत दिये' से क्या अभिप्राय है?
ग) कवि क्या बुझने की बात कह रहा है?
घ) दिये और तूफान से क्या अभिप्राय है?

रचनात्मक लेखन

प्रश्न 1. 'आप भला तो जग भला' विषय पर लगभग 120 शब्दों में **अनुच्छेद** लिखिए।

प्रश्न 2. आपकी कक्षा में कुछ छात्रों ने अनुशासनहीनता की है। स्कूल के प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर इस समस्या के बारे में शिकायत दर्ज कीजिए।

प्रश्न 3. मोबाइल फ़ोन से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस विषय पर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत का संवाद लेखन लगभग 60 - 80 शब्दों में लिखिए ।

प्रश्न 4. अपनी बहन को कला प्रदर्शनी में पहला पुरस्कार प्राप्त के लिए लगभग 60 - 80 शब्दों में बधाई संदेश लिखिए।

प्रश्न 5. 'समानता' विषय पर लगभग 20 - 30 शब्दों में एक नारा लिखिए।